हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025
[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



## खबर संक्षेप



### हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज का पर्व

**फिंगेश्वर।** नगर सहित अंचल मे भाई दूज का पर्व हर्शोउल्लास के साथ प्रेम सौहार्द पूर्ण मनाया गया। बहिनों ने भाईयों को गुलाल का टीका एवं आरती कर मूंह मीठा कराकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। दीपावली पर्व के करीब भाई दूज का पर्व भाई बहिनों के स्नेह का पवित्र पर्व है जिसको लेकर माता पिता भी गौरान्वित होते हैं। भाई बहन साथ मे है तो भाई दूज की तैयारी बहन के अलावा माता पिता भी करते नजर आते हैं और पूजा से पहले गिफ्ट की बाते भी मनोदपूर्ण ढंग से घर मे होते रहती है वहीं पर बहन ससुराल चली गई है तो भाई वहां पर पहुंचकर भाई दूज का रस्म निभाते है और घर परिवार की ढेर सारी बाते भी इसी बीच हो जाती है।कुल मिलाकर भाई दूज का रिश्ते में रास्ता कहीं अड़चन नहीं बनती बहन जहां भी रहती है भाई वहां पहुंच जाता है। वहीं पर कई बहिने भाईयो के घर पहुंचकर रस्म की अदायगी करती है।दीपावली के बाद भाई दूज के पर्व से भाई एवं बहने पर्व की खुशियों को साझा कर लेते हैं।इसी कड़ी मे नगर के डा. चंद्रशेखर हरित एवं उनके छोटे भाई वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित भी भाई दूज के पर्व के दिन रायपुर मे अपनी बहन के घर पहुंचकर रस्म निभाया।

### किसानों की मांग पर नहरों का जल प्रवाह पूर्ण रूप से बंद किया गया

**गरियाबंद।** पैरी पिकअप बियर कुकदा से खरीफ फसल के लिए 25 जुलाई 2025 से दायी तट नहर व फिंगेश्वर वितरक शाखा नहर के माध्यम से किसानों की मांग अनुसार सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया था। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस. के. बर्मन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी श्री एस के चंदेल, युवराम सिन्हा व एम. के. पांडोरिया, सहायक अभियंता प्रतीक पटेरिया उप अभियंता दुर्गेश सोनकर, विकास ध्रुव, स्थल सहायक नारद सिंह, आशा गुप्ता, सिद्धार्थ देवांगन, जीतेन्द्र के साथ विभागीय मैदानी कर्मचारियों के सहयोग से अंतिम छोरों तक नहरों के माध्यम से पानी पहुंचाया गया। फिंगेश्वर उप संभाग के 13 हजार 712 हेक्टेयर में एवं राजिम उप संभाग के 10 हजार 964 हेक्टेयर व पाण्डुका उप संभाग के 8 हजार 810 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया गया। किसानों के द्वारा अब सिंचाई की आवश्यकता नहीं होने के कारण नहर बंद करने की मांग को देखते हुए 23 अक्टूबर 2025 से नहरों का जल प्रवाह पूर्ण रूप से बंद किया गया है।

### पंचायत व निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने मंगाए गए आवेदन

**महासमुंद।** जिले में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित करने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए विभागीय अफसर ने बताया कि ऐसे ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है, जहां विगत दो वर्षों वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में किसी भी प्रकार का बाल विवाह प्रकरण संज्ञान में नहीं आया हो। जिला महासमुंद अंतर्गत 232 ग्राम पंचायतों एवं 02 नगरीय निकायों से इस संबंध में नियमानुसार प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

**पर्व : मातर उत्सव में पहुंचे पीसीसी के पूर्व चीफ को यादव बंधुओं ने पगड़ी पहनाकर किया सम्मान**

# सुख, शांति और मंगलकामना की प्रार्थना हम ईश्वर से करते हैं : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

पांच दिवसीय दीपावली पर्व के अंतिम दिवस गुरूवार रात यादव समाज द्वारा आयोजित मातर अन्नकूट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीसीसी के पूर्व चीफ धनेन्द्र साहू पहुंचे। उन्होने सर्वप्रथम सहाड़ा देव एवं भगवान श्री कृष्ण की आरती पूजन के साथ अन्नकूट मातर महोत्सव का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर यादव समाज द्वारा श्री साहू का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को श्री साहू ने दीपावली पर्व की शुभकामना देते हुए यादव समाज के गौरवशाली परंपरा को याद करते हुए कहा कि यादव समाज गौ वंश जिसमें तैंतीस कोटि देवी देवता वास करते है जिन्हें हम गौ माता के रूप में पूजते है इनकी देखभाल सेवा करने वाला यादव समाज भगवान श्री कृष्ण के वंशज है। कहा कि पिछले सरकार में गौ वंश की सुरक्षा सड़क दुर्घटना से लोगो की जान बचाने सड़कों पर घूमने वाली गौ वंश की देख भाल के लिए तब की कांग्रेस सरकार ने गौठान बनाकर पूरे प्रदेश में हजारों एकड़ जमीन गौठान के लिए सुरक्षित करके लाखों रुपए की लागत से गौठान कृष्ण कुंज का निर्माण कराया मगर दुर्भाग्य है सरकार बदलते ही आज सारी योजनाएं बंद कर दी गई। आज गौमाता फिर से सड़कों पर है जिससे सड़क दुर्घटना में लोगों की और गौ माता की जान जा रही है। श्री साहू ने कहा कि सरकार गौवंश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल कदम उठाए। उन्होने भगवान श्री कृष्ण से प्रार्थना करते हुए कहा कि दीपावली का यह पर्व हम सभी के जीवन में तरक्की ,उन्नति प्रदान करे। भगवान श्री कृष्ण की कृपा सबके ऊपर बनी रहे।उनके कृपा से समाज व इस पूरे नगर में सुख, शांति कायम रहे यही कामना हम करते हैं। कहा कि यादव समाज पिछले अनेको वर्षो से इस तरह गोवर्धन पूजा एवं मातर उत्सव जैसे धार्मिक कार्यक्रम को करते चले आ रहे हैं जिसके माध्यम से भगवान के पूजा अर्चना के साथ छपन भोग प्रसादी प्रात करने का सुअवसर हम सबको मिल जाता है।



**कार्यक्रम में ये रहे शामिल**

कार्यक्रम में यादव समाज के अध्यक्ष श्यामलाल यादव,प्रदेश उपाध्यक्ष रामा यादव ,आनंद यादव ,निर्माण यादव ,उमेश यादव,कौशल यादव,तरुण यादव ,गोलू यादव ,नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ,नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह ,पार्षद रामरतन निषाद ,टिकेश गिलहरे ,हेमंत साहनी ,अर्जुन साहू ,अजय साहू ,तरुण कंसारी ,दीपाली राजपूत ,साहू समाज के अध्यक्ष रमेश साहू ,रामकुमार शर्मा ,गोल्डी पारख ,लक्ष्मीनारायण यादव ,कलिंद्री यादव ,प्रकाश यादव ,दीपक यादव ,मनोहर यादव ,नारायण यादव ,नरेश यादव सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

# अंचल में श्रद्धा से मनाया गया भाई दूज पर्व, बहनों ने भाइयों की दीर्घायु की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक पर्व भाई दूज (यम द्वितीया) गुरुवार को रसेला सहित क्षेत्र में हर्ष, भक्ति और परंपरा के रंगों में डूबकर मनाया गया। अंचल में सुबह से ही घरों में पर्व का उल्लास दिखाई दिया, बहनों ने स्नान कर उपवास रखा और भगवान श्री गणेश तथा यमदेव की पूजा-अर्चना कर भाइयों की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना की। तिलक, आरती और मिठाई के साथ यह दिन भावनाओं और अपनत्व से सराबोर रहा। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाते हुए पारंपरिक गीत गाए—"भैया मोर दीर्घायु रहिबे, सुख समृद्धि आशीष पाबे।" भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके स्नेह का आभार व्यक्त किया। हर घर में पूजा की थाली, दीया-बाती और रंगोली से सजा वातावरण प्रेम और संस्कार की मिसाल बना रहा। क्षेत्र के अन्य गांवों में भी पारंपरिक रंग में डूबा भाई दूज पर्व विशेष रहा। गांव-गांव में महिलाओं ने समूह बनाकर गाय के गोबर से यमदेव की आकृति बनाई और विधिपूर्वक पूजा की। यमदेव की कथा सुनाते हुए उन्होंने भाइयों की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान मंगलगान और लोकगीतों की मधुर स्वर लहरियों से पूरा वातावरण भक्तिभाव से भर उठा।



धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह पर्व यमराज और उनकी बहन यमुना के स्नेह से जुड़ा है। कहा जाता है कि यमराज अपनी बहन यमुना के घर इसी दिन मिलने गए थे। यमुना ने प्रेमपूर्वक उनका स्वागत किया और भाइयों की दीर्घायु के लिए व्रत रखा। इस प्रसन्नता से प्रभावित होकर यमराज ने वरदान दिया कि इस दिन जो भाई-बहन व्रत और पूजन करेंगे, उन्हें अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा। तभी से यह पर्व भाई दूज के रूप में मनाया जा रहा है।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में जैव विविधता एवं वन्यजीव अध्ययन पर शोध कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



आईएसबीएम विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शुक्रवार को "जैव विविधता एवं वन्यजीव अध्ययन युवा शोधार्थियों हेतु शोध अभिमुखीकरण" विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस रूम में आयोजित हुआ, जिसमें विज्ञान संकाय के प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. शिवाजी गणपत चव्हाण, प्रख्यात पर्यावरण एवं वन्यजीव विशेषज्ञ, ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि "वन प्रबंधन के सशक्त होने से ही वन्यजीव प्रबंधन संभव है, और जब दोनों संतुलित होंगे, तभी जैव विविधता का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है।" उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि वन, वन्यजीव और जैव विविधता एक-दूसरे के पूरक अंग हैं, जिनका संरक्षण सामूहिक उत्तरदायित्व है।

विशिष्ट अतिथि सुश्री लीमा, (IUCN सदस्य), ने अपने वक्तव्य में वर्तमान पर्यावरणीय संकटों और तेजी से विलुप्त होती प्रजातियों की गंभीरता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि "यदि हमने आज संरक्षण के ठोस प्रयास नहीं किए, तो पारिस्थितिक संतुलन गंभीर रूप से प्रभावित होगा।" उन्होंने युवा शोधार्थियों से इस दिशा में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

शैक्षणिक अधिष्ठाता एवं आईक्यूएसी निदेशक, डॉ. एन. के. स्वामी ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में शोधाभिमुखता, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं।"

कार्यक्रम का संचालन सुश्री हिमांशी साहू ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि कार्यशाला की संयोजक सुश्री अन्नपूर्णा साहू, सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र), रहीं। उनके समर्पित निर्देशन और मार्गदर्शन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, रजिस्ट्रार, संकाय प्रमुख, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने युवाओं में पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता प्रबंधन के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया।

# जतमईगढ़ में मातर महोत्सव की रही धूम





हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़गांव (कोरासी)

पंचपर्वों में से एक मातर महोत्सव, जो भाई दूज के दिन मनाया जाता है, छुरा वनांचल क्षेत्र में धूमधाम से संपन्न हुआ। प्रखंड के जतमईगढ़ घाटखाल्हे पिपरछेड़ी में ग्रामवासियों द्वारा भव्य मातर महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जिला पंचायत सदस्य सभापति शिवांगी चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि थीं। अहीर बाल गोविंदों ने पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर राउत नृत्य करते हुए अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया। अतिथियों ने मातर भाठा में पूजा-अर्चना की और स्वयं भी अहीरों के साथ दोहा, चौपाई की धुन पर राउत नृत्य का आनंद लिया। ग्रामीण बच्चों ने भी पारंपरिक वेशभूषा में स्वागत गीत और सुआ नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

**संस्कृति और विकास पर जोर-** जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने ग्रामवासियों को मातर महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि यह जैसी लोक परंपराओं को सनातन संस्कृति की असली पहचान बताया। उन्होंने जिला एवं जनपद को मिलकर ग्राम पंचायत के विकास के लिए कार्य करने पर जोर दिया और ग्रामवासियों की मांगों को पूरा करने का वादा किया।

**सामाजिक मेलजोल और सांस्कृतिक संबंध-** जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी ने समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित इस प्रकार के पारंपरिक कार्यक्रम सामाजिक मेलजोल बढ़ाने के साथ-साथ नई पीढ़ियों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूत करते हैं। अध्यक्षता कर रहीं जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा कि उन्हें इस गांव से दूसरी बार बहुत सम्मान मिला है, और वह स्वयं को इस गांव की बेटी अनुभव करती हैं। उन्होंने ग्रामवासियों की लंबित मांगों जैसे पैठू तालाब, रोड कंक्रीटीकरण और शीतला मंदिर गुड़ी निर्माण को अगली बजट में पूरा करने की बात कही।

**प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति-** सरपंच प्रतिनिधि बिसहत राम ने ग्रामवासियों की ओर से अभिनंदन पत्र वाचन कर मांग पत्र सौंपा। पूर्व सरपंच दूज लाल ठाकुर ने समस्त अतिथियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष व जनपद सदस्य अगहन सिंह ठाकुर, नीलकंठ सिंह ठाकुर, सरपंच नीरा बिसहतराम ध्रुव, यादव समाज जिला अध्यक्ष गोविंद यादव, समाज सेवी शीतल ध्रुव, ग्राम पटेल गिरधर ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष शुकलाल मरकाम, उपसरपंच छबिलाल ध्रुव समेत क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, माताएं, बहनें, युवा, किसान, कर्मचारी और व्यापारी वर्ग मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक हेमलाल यादव और दीनबंधु ध्रुव ने किया।

# 100 एकड़ में रागी मड़िया की फसल तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



- गर्मी में ग्रामीणों का मुख्य आहार और शक्तिवर्धक पेय

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में किसान हर तरह की दलहन-तिलहन की फसल लेते हैं। इसी कड़ी में, ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 100 एकड़ में रागी स्थानीय नाम मड़िया की फसल ली जा रही है, जो इन दिनों कटाई के लिए लगभग तैयार हो चुकी है। यह फसल वनांचल के आदिवासी गांवों में किसान वर्षों से पारंपरिक तौर पर लेते आ रहे हैं। मैनपुर क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट, देवडोंगर, गौरमुंड, गरहाडीह, कोयबा, बुड़गेलटप जैसे गांवों में ग्रामीण किसान अपने खेतों और बाड़ियों में देशी मड़िया की फसल ले रहे हैं। ग्रामीण जुगसाय नेताम, पिलु सोरी और जागेश्वर ठाकुर ने बताया कि कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में देशी कोकोला मड़िया की खेती किसान वर्षों से करते आ रहे हैं, जिसका उपयोग वे मुख्य रूप से अपने परिवार के लिए करते हैं।

**गर्मी में मड़िया पेज है मुख्य आहार और लू से बचाव का उपाय-** ग्रामीणों के अनुसार, गर्मी के दिनों में मड़िया ग्रामीणों का मुख्य आहार होता है। आधुनिकता के दौर में जहां शहरी लोग गर्मी से बचने के लिए लस्सी या तरह-तरह के ठंडे पेय पदार्थों का उपयोग करते हैं, वहीं वनांचल के ग्रामीण इलाकों में लोग परंपरागत पेय पदार्थ मड़िया पेज का सहारा लेते हैं। मड़िया पेज से उन्हें गर्मी से राहत मिलती है।

यह उनके लिए स्वस्थवर्धक और शक्तिवर्धक आहार का काम करता है, जिसके चलते मेहनत वाले काम करने वाले लोगों की यह पहली पसंद होती है। ग्रामीणों ने बताया कि वे धान की तरह ही मड़िया की खेती करते हैं और उसे सुरक्षित गर्मी के दिनों के लिए रख लिया जाता है। मड़िया काफी ठंडा होता है और इसे चावल के साथ पकाकर दोपहर के समय सेवन करने से गर्मी शरीर को नहीं लगती लू से बचे रहते हैं। यह काफी सस्ता भी है और आसानी से किराना दुकानों में भी उपलब्ध हो जाता है।

**75 से 100 एकड़ में किसानों ने रागी की फसल ली है-** वरिष्ठ कृषि अधिकारी अभिनव सूर्यवंशी ने बताया कि मैनपुर क्षेत्र में लगभग 75 से 100 एकड़ में किसानों ने रागी की फसल ली है। ग्रामीण इसे मुख्य रूप से अपने उपयोग के लिए रखते हैं। फसल लगभग तैयार हो चुकी है और किसान इसकी कटाई धान की कटाई के साथ ही करते हैं।

पेज 11 के शेष...

### राज्योत्सव 2025 : पांच दिनों...

शासकीय कार्यालयों एवं शासकीय भवनों में रोशनी करने को कहा है। स्थानीय कलाकारों के द्वारा उक्त दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। जिला स्तरीय राज्योत्सव में जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख विभागों के थीम आधारित स्टॉल लगाये जायेंगे। महिला समूहों के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभागीय अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे गये हैं। जिसके तहत जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर को सम्पूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है।

**2 स्वागत द्वार निर्माण करने के निर्देश-** तहसीलदार एवं सीएमओ गरियाबंद को कार्यक्रम में वीआईपी, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों, अधिकारियों एवं महिलाओं के लिए विशेष बैठक व्यवस्था सहित साईन बोर्ड लगाने, खनिज एवं आबकारी विभाग को कार्यक्रम की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को 02 स्वागत द्वार निर्माण की संपूर्ण व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साथ ही वन विभाग को स्वल्पाहार एवं बांस बल्ली की व्यवस्था तथा कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार का दायित्व जनसम्पर्क विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का राज्योत्सव की तैयारी के दायित्व सौंपे गये है। बैठक में एसडीएम हितेश्वरी बाघे, डॉ. तुलसीराम मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### दुलना मोड़ पर...

और रिंकू ध्रुव सवार थे।

**तेज रफ्तार और लापरवाही बनी हादसे का कारण-** यह दुर्घटना भी मुख्य रूप से फुल स्पीड और सड़क के मोड़ पर लापरवाही का नतीजा है। आए दिन बाइक दुर्घटनाओं और उनमें हो रही मौतों की खबरें अखबारों और सोशल मीडिया की सुर्खियां बन रही हैं, बावजूद इसके लोग सबक नहीं ले रहे हैं।

**लावारिस मवेशी भी दुर्घटना का बड़ा कारण-** सड़क सुरक्षा के गंभीर मसले के साथ ही, दुर्घटनाओं का एक अन्य बड़ा कारण सड़कों पर जहां-तहां बैठे लावारिस मवेशी हैं। रात के अंधेरे में मवेशी दिखाई नहीं देते, जिससे दुपहिया वाहन सवार टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। दो दिन पहले बुधवार की रात 11:30 बजे के करीब रायपुर की ओर से आ रहे एक बाइक सवार युवक नवापारा बस स्टैंड पर अंधेरे में बैठे मवेशी से टकराकर गिर गए थे, जिन्हें राहगीरों ने उठाया। यह स्थिति शहर के बीच रोज घटित हो रही है। इसी तरह, राजिम शहर के चप्पे-चप्पे में भी लावारिस मवेशियों का राज हो गया है, जिस पर प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द इस समस्या पर ध्यान देने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके।

### भगवान श्री राजीव...

के असीम स्नेह का पर्व भाईदूज मनाया गया। इस दौरान भाई दूज की पूजा कराने भाई अपने बहनों के घर पहुंचते रहे, तो कहीं-कहीं बहन भी अपने भाईयों के घर में पहुंचकर कुमकुम गुलाल और चावल का टीका लगाकर आरती की। बहने अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर चांवल का टीका ले आरती उतारे और लम्बी उम्र की कामना की। भाई भी अपने बहन की रक्षा का वचन दिया। दोपहर के बाद हर तरफ मातर का माहौल दिखने लगा। शाम होते-होते वातावरण पूरा मातर में तब्दील हो गया। अंचल के हरेक गांव में मातर उत्सव की धूम रही। ग्रामीण मातर मनाने में मशगूल रहे। इसी के साथ दीपावली पर्व संपन्न हो गया।

# प्रभु श्रीराम की पूजा की, मातर उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



ग्राम टोकरो में शासकीय एवं अशासकीय कर्मचारियों तथा समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त सहयोग से मातर उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम के गणमान्य नागरिकों के द्वारा प्रभु श्रीरामचंद्र के श्री चरणों में पूजन अर्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम में ग्राम के प्रतिभावान छात्रों के अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अनिल अग्रवाल रहे, जिनके द्वारा कार्यक्रम के आयोजन हेतु विशेष सहयोग सतत समर्थन व अमूल्य योगदान के लिए आयोजक परिवार द्वारा शाल श्री फल मोमेंटो प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। श्री अग्रवाल ने ग्रामवासियों की एकता और सांस्कृतिक चेतना की सराहना की। साथ ही ऐसे कार्यक्रम में निरंतरता बनी रहे और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम में हमेशा मेरे द्वारा सहयोग रहेगा। रात्रिकालीन कार्यक्रम में मया के बंधना लोक कला मंच, द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025



10 सुख, शांति और मंगलकामना की प्रार्थना हम ईश्वर से...





12 परसट्ठी में अन्नकूट पर्व पर हुआ गौ पूजन खिलाई गई खिचड़ी






# राज्योत्सव 2025 : पांच दिनों तक कार्यालयों एवं भवनों में की जाएगी रोशनी

## गांधी मैदान में 2 नवंबर को होगा तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- कलेक्टर ने राज्योत्सव आयोजन के लिए विभागों को सौंपे दायित्व

कलेक्टर बीएस उइके ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय में 2 नवम्बर से 04 नवम्बर 2025 तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन स्थानीय गांधी मैदान में किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां एवं कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। तीन दिवसीय राज्योत्सव में विभागों द्वारा विभागीय प्रदर्शनी के माध्यम से शासन के रजत जयंती वर्ष के उपलब्धियों को प्रदर्शित करने कहा। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों को प्रदर्शनी के अवलोकन भी कराने के निर्देश दिए, जिससे कि प्रदर्शनी के बारे में विद्यार्थियों जानकारी मिल सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री उइने ने जिला प्रमुख अधिकारियों को राज्योत्सव आयोजन के संबंध में निर्देश देते हुए संबंधित विभागों को कार्य दायित्व भी सौंपे गए है। उन्होंने 5 दिवस तक सभी ▶▶|शेष पेज 10 पर



### पुलिस बल की रहेगी पर्याप्त व्यवस्था

सहायक नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी गरियाबंद हितेश्वरी बाघे को बनाया गया है। पुलिस विभाग द्वारा राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा नगर पालिका गरियाबंद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आयोजन स्थल का साफ-सफाई, पेयजल, टेंकर व्यवस्था, सभी सीईओ और सीएमओ को आमंत्रण पत्र वितरण करने, हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल तक लाने-ले जाने की व्यवस्था, जिला सेनानी नगर सेना का फयर ब्रिगेड की व्यवस्था, मंच निर्माण, स्टॉल निर्माण, बैरेकेटिंग आदि कार्य पी.डब्ल्यू.डी, जनरेटर, साउंड एवं लाइट, व्यवस्था विद्युत यांत्रिकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं जिला शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा व्यवस्था व एम्बुलेंस, पुष्प एवं सज्जा के लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, विभागीय स्टॉल आबंटन महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार तथा सांख्यिकी विभाग को सौंपा गया है।

## खबर संक्षेप



### मुख्य मार्ग पर लगा बिजली पोल बना दुर्घटना का कारण, एक और बाइक सवार हुआ घायल

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के मुख्य गली ग्राम पंचायत से गांधी चौक मार्ग में आलीम हालर मिल के सामने सड़क के बीचो बीच बिजली के पोल लगा हुआ है जिसके कारण आए दिनों लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। कई बार बिजली विभाग से इस पोल को हटाने की मांग किया जा चूका है लेकिन अब तक ध्यान नहीं दिया गया। गोवर्धन पूजा की रात में मोटर सायकल चालक इस पोल में टकरा गया जिससे उसके दाहिने हाथ पूरी तरह फैक्टर हो गया जिसका उपचार रायपुर अस्पताल में किया जा रहा है। मैनपुर नगर के लोगों ने इस बिजली के पोल को सड़क किनारे लगाने की मांग किया है। मोहल्लेवासियों ने बताया की इस संबंध में बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारियो को कई बार मांग कर चुके है लेकिन गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है और तो और ग्राम सुराज और जनसमस्या निवारण शिविर में आवेदन देकर थक चुके हैं।

### इंदागांव के पास जानलेवा गड्ढे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा



**मैनपुर।** मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्यमार्ग पर इंदागांव के पास सड़क की हालत बद से बदतर हो गई है। यहां सड़क के बीचों-बीच जानलेवा बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनके कारण आए दिन मोटर साइकिल सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क पर बने इन गहरे गड्ढों में मोटर साइकिल के पहिए जाने से वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं, जिसके चलते कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि इस गड्ढे को भरने और सड़क की मरम्मत कराने के लिए कई बार विभाग से मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। लोगों का कहना है कि /"शायद संबंधित विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। मैनपुर-देवभोग मुख्यमार्ग पर यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए लोगों ने विभाग से तत्काल इन गड्ढों को भरकर सड़क की मरम्मत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।

### दिवाली चंदा के नाम पर पत्नी-पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम मुढ़ीपार में दिवाली चंदा के नाम पर एक व्यक्ति और उसकी पत्नी से मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी निरंजन साहू ने बताया कि 23 अक्टूबर की दोपहर वह अपने घर में था। इसी दौरान गांव का तुषार ठाकुर उसके घर आकर दीपावली चंदा के नाम पर पचास रुपये लेकर चला गया। कुछ देर बाद वह फिर घर में जबरदस्ती घुस गया और कहा कि तुम हमारे गांव में रहते हो, दीपावली का और चंदा देना पड़ेगा।

## हादसा : दोनों बाइकों पर पांच लोग थे सवार, जिनमें एक युवती और उसकी मां भी थी शामिल

# दुलना मोड़ पर दो बाइक की आपस में भिड़ंत, 1 की मौके पर मौत, 4 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शुक्रवार शाम लगभग 5.15 बजे नवापारा-राजिम मुख्य मार्ग पर ग्राम दुलना मोड़ के पास फुल स्पीड में चल रहे दो बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग, जिनमें एक युवती और उसकी मां भी शामिल थीं, सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग तुरंत दौड़ते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे में ग्राम खिसोरा निवासी केवेंद्र साहू की मौत हो गई। वह घायल युवती के पिता थे। दुलना के पूर्व उपसरपंच और भाजपा नेता हेमंत साहू ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस थाने तक पहुंचाई। घटना में गंभीर रूप से घायल चार लोगों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया, जहां समाचार भेजे जाने तक उनका उपचार जारी था। अस्पताल में इलाज के दौरान पता चला कि एक बाइक (क्रमांक सीजी 04, एमवी 3324) पर खिसोरा की दीपाली साहू, उनकी मां लता साहू और मृत केवेंद्र साहू सवार थे, जबकि दूसरी बाइक (क्रमांक सीजी 04, एलवी 7595) पर पटेवा गांव के ताराचंद साहू ▶▶|शेष पेज 10 पर





### सड़क हादसे में युवक की मौत



**मैनपुर।** मैनपुर-गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्यमार्ग पर इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। आए दिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसी क्रम में, मैनपुर नगर के सक्रिय युवा सुरेश पाण्डेय (उम्र लगभग 50 वर्ष) की गुरुवार रात सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई, जिससे पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, बजरंग चौक निवासी सुरेश पाण्डेय गुरुवार रात लगभग सात-आठ बजे के आसपास अपने एक मित्र के साथ पैदल मैनपुर की तरफ आ रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क पर गिरते ही सुरेश पाण्डेय का सिर फट गया और पैर टूट गया। वहीं, टक्कर मारने वाला युवक भी 10 फीट दूर जा गिरा। गंभीर रूप से घायल सुरेश पाण्डेय को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल गरियाबंद रेफर किया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण अस्पताल पहुंचते ही उनकी मौत हो गई। दिवंगत सुरेश पाण्डेय काफी मिलनसार और नगर के विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान देने वाले युवा थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। आज शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और तेज रफ्तार वाहन चालक की पहचान की जा चुकी है। मैनपुर-गरियाबंद एवं देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्यमार्ग पर लगातार हो रहे हादसों से लोगों में भारी दहशत का माहौल है। दो दिन पहले इसी मार्ग पर 12 किलोमीटर दूर सिकासार जीरो चैन पॉइंट के पास मोटर साइकिल की टक्कर से चाचा-भतीजे दो युवकों की मौत हो गई थी। तीन दिन पूर्व इसी मार्ग पर एक कार की टक्कर से एक मोटर साइकिल चालक की भी मौत हो गई थी। इस मार्ग पर दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या ने सुरक्षा व्यवस्था और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने की मांग को तेज कर दिया है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक के सीने में घुसा कांच, मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

करेली चौकी अंतर्गत ग्राम चंद्रसुर निवासी युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीन युवक नवापारा से अपने गांव चमसूर जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक के सीने में कांच घुस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना बड़ी करेली चौकी क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, चमसूर निवासी ज्ञानचंद निषाद गुरुवार सुबह अपने दो साथियों के साथ नवापारा आए थे। वे सुबह करीब 8 बजे कांच का सामान लेकर अपने गांव चमसूर जा रहे थे, तभी नवापारा-मगरलोड मार्ग पर नवागांव के शीतला मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गिर गए। कांच टूटकर ज्ञानचंद के सीने में जा लगा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद, बाइक चला रहा दूसरा युवक गाड़ी छोड़कर भाग गया। घटना के बाद, ज्ञानचंद को तुरंत नवापारा सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।



### भेण्डरी में गौरा -गौरी विसर्जन

**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी में लक्ष्मी पूजन कर दीपावली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। आदिवासी समाज द्वारा ग्राम परंपरा और संस्कृति के अनुसार गौरा गौरी की विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई। सुबह विसर्जन किया गया। गुरूवार को गांव में मातर मड़ई का आयोजन में बजरंग अखाड़ा द्वारा बाजार चौक में एक से बढ़कर एक करतब दिखाते हुए दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### दीपावली पर्व पर छुटपुट घटनाओं में पांच मामले दर्ज, एक गिरफ्तार

**छुईहा बेलर।** फिंगेश्वर पुलिस थाना क्षेत्र में पुलिस की मुस्तैदी के कारण दीपावली का त्यौहार शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। हालांकि, थाना अंतर्गत कुछ गांवों में छुटपुट मारपीट और अन्य घटनाएं घटित हुई हैं, जिन पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस निरीक्षक गौतम धौवड़े ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्रामों में दीपावली त्यौहार शांतिपूर्ण रहा, लेकिन कुछ गांवों में छुटपुट घटनाएं दर्ज की गई हैं। आपसी रंजिश में मारपीट (बेलर) ग्राम बेलर से प्रार्थी अशोक यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपीगण पिताम्बर यादव, वेदव्यास यादव, धनंजय यादव और यदुनंदन यादव ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, इसी मामले में दूसरे पक्ष ने भी प्रार्थी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। छेड़छाड़ का मामला (पतोरी) दूसरे मामले में प्रार्थीया पतोर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी कोपेश्वर सिन्हा ने उनके साथ छेड़छाड़ का गंभीर कृत्य किया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर ने आरोपी हित साहू और रमेन साहू पर मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस निरीक्षक गौतम धौवड़े ने बताया कि त्यौहार के दौरान क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद था और सभी मामलों में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



# कलेक्टर ने गांधी मैदान पहुंचकर राज्योत्सव स्थल का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



तीन दिवसीय राज्योत्सव के अवसर पर इस बार 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी तथा हितग्राहियों को सामग्री वितरित कर लाभान्वित किया जायेगा। इसी तारतम्य में आज कलेक्टर बीएस उइके एवं डीएफओ शशिकानंदन के, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र चन्द्राकर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर ने गांधी मैदान पहुंचकर राज्योत्सव स्थल का जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागीय स्टॉलों की तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक व्यवस्था, पार्किंग, लाईट, साउंड, दर्शक दीर्घा, वीआईपी बैठक व्यवस्था एवं प्रवेश द्वार आदि की भी व्यवस्थाओं को समय में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला स्तरीय राज्योत्सव के भव्य आयोजन के लिए दिये गये दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए।

## भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर में भक्तों की रही भारी भीड़


# भगवान श्री राजीव लोचन को लगाया गया 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पांच दिनों का दीपोत्सव दीपावली का त्यौहार गुरूवार शाम तक राजिम सहित अंचल भर में शांतिपूर्ण माहौल में समापन हो गया। दीपावली के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर में गुरूवार को भक्तों की भारी भीड़ रही। परम्परा और मान्यता के अनुसार यहां अन्नकुट महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान में चढ़ाए जाने वाले छप्पन प्रकार के भोग को देखने के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भोग के साथ ही आरती हुई। मंदिर प्रांगण में भारी भीड़ थी। दीपावली पर्व में भगवान श्री राजीव लोचन का मोर पंख से विशेष श्रृंगार किया गया था। भगवान को 56 भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद लेने के लिये श्रद्धालु उमड़ रहे थे। देर रात तक आतिशबाजी के धमाके और आकाश में तारे की भांति फूलझड़ियां माहौल को उल्लासमय एवं खुशनुमा बनाये हुये था। 56 भोग जिसमें कच्चा व पक्का दो प्रकार के पकवान शामिल है। भगवान सालिक राम को चांवल के गोवर्धन में विराजमान कराकर 56 भोग लगाया गया। पूजा-पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया। अन्नकूट में मंदिर के सभी पुजारीगण शामिल थे। लक्ष्मी पूजा दीपावली और गोवर्धन पूजा के बाद त्यौहार के अंतिम दिन भाई-बहन ▶▶|शेष पेज 10 पर







# छुरा बीआरसी हरीश कुमार हटाए गए

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने समग्र शिक्षा के क्रियान्वयन में शिथिलता एवं विभिन्न शिकायतों के दृष्टिगत छुरा के विकास खंड स्त्रोत समन्वयक श्री हरीश कुमार देवांगन को विमुक्त करने का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में उन्हें फिंगेश्वर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदाकला में पदस्थ किया गया है। श्री देवांगन को समग्र शिक्षा के कार्य में शिथिलता तथा उनकी कार्यशैली को लेकर संकुल समन्वयकों के द्वारा विभिन्न शिकायतों एवं उनके विरुद्ध शासन के महत्वपूर्ण कार्य गिरदावली के कार्य में लापरवाही भी सामने आई है। गिरदावली का कार्य संकुल समन्वयकों के माध्यम से नियत समय पर किया जाना था, पर उनके द्वारा इस कार्य में ध्यान नहीं दिया गया।

इस संबंध में कलेक्टर श्री उइके ने विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हरीश कुमार देवांगन के विरूद्ध विकासखंड छुरा के संकुल शैक्षिक समन्वयकों के द्वारा प्राप्त शिकायत की जांच के लिए तीन सदस्य जांच समिति गठित की है। इनमें छुरा के तहसीलदार श्री गैंदलाल साहू, बीईओ किशुन लाल मतावले, सेजेस के प्राचार्य श्री नेमीचंद साहू शामिल है। इनके द्वारा प्राप्त शिकायत की तथ्यपरक जांच कर 5 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

**विरोध : ट्रैक्टर पकड़ने से भड़के सैकड़ों ग्रामीणों ने 10 किमी पैदल जंगी रैली निकाल जनपद कार्यालय का किया घेराव**

# पीएम आवास के लिए रेत लाने पर ट्रैक्टर जब्त मैनपुर के सैकड़ों ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विशेष रूप से विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लिए जनमन योजना और सामान्य प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मैनपुर क्षेत्र में पक्के आवासों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसी बीच, प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए गांव के नजदीक नदी से रेत ला रहे ट्रैक्टरों को पकड़कर जुर्माना लगाने से सैकड़ों ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित ग्रामीणों ने आज शुक्रवार को जनपद सदस्य सुखचंद ध्रुव के नेतृत्व में झरियाबहरा, बोईरगांव, बरदुला, पथर्री, ठेमली जैसे गांवों से लगभग 10 किलोमीटर दूर से पैदल जंगी रैली निकाली। नारेबाजी करते हुए ग्रामीण मैनपुर नगर पहुंचे और जनपद पंचायत कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान कार्यालय के समक्ष भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।




**कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, दो दिन में सीएम से शिकायत की चेतावनी**

स्थानीय अधिकारियों की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्टर के नाम पंचायत इंस्पेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए तुरंत रेत उपलब्ध कराने की मांग की, साथ ही जब्त किए गए ट्रैक्टरों को तत्काल छोड़ने की भी मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे दो दिनों के भीतर रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इसकी शिकायत करेंगे।

**ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रोकने की दी धमकी-** ग्रामीणों ने बताया कि जनमन और पीएम आवास निर्माण के लिए रेत ढुलाई कर रहे दो ट्रैक्टरों को मैनपुर एसडीएम ने पकड़ लिया है। कई बार मांग करने के बावजूद ट्रैक्टर नहीं छोड़े जा रहे हैं। ऐसे में आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी है। पदयात्रा के दौरान ग्रामीण हाथों में बैनर-पोस्टर लिए मैनपुर एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे।

**ज्ञापन में लगाए गंभीर आरोप-** कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि उनके ग्राम पंचायत बोईरगांव के 7 आश्रित ग्रामों में जनमन और पीएम आवास योजना के तहत 344 आवासों का निर्माण किया जा रहा है। ट्रायबल ब्लॉक होने के कारण यहां रेत का कोई भी वैध खदान नहीं है, इसलिए ग्रामीण समीपस्थ नदी-नालों से रेत की आपूर्ति करते हैं।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रैक्टर छोड़ने के लिए चालक से 10 हजार रुपये की मांग की जा रही है, और राशि न देने पर कार्रवाई कर फाइल खनिज विभाग भेजने की बात कही जा रही है। जनपद सदस्य सुखचंद ध्रुव और पूर्व सरपंच सहदेव सांडे ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में लगे ट्रैक्टरों को पकड़ने से अब आवास का निर्माण कार्य कैसे होगा। उन्होंने कलेक्टर से स्पष्ट मांग करते हुए कहा कि या तो अधिकारी रेत की व्यवस्था करें या फिर मकान बनवाकर दें। सुरक्षा के लिहाज से थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रास्वयं दल-बल के साथ मौजूद थे। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# परसट्ठी में अन्नकूट पर्व पर हुआ गौ पूजन खिलाई गई खिचड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

दीपावली पर्व के उपरांत मनाए जाने वाले पारंपरिक अन्नकूट पर्व के अवसर पर ग्राम परसट्ठी क्षेत्र में कार्यक्रम श्रद्धा और परंपरा के साथ संपन्न हुआ। यह पर्व गौ-धन के प्रति आभार और सामाजिक एकता का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर, यादव परिवारों ने अपने पशुधन गौ-माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा के पश्चात, सोहाई जिसे धन और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है गौ-माता को बांधा गया और गौ-सेवा का संकल्प लिया गया। यह अनुष्ठान पशुधन के महत्व और उनके प्रति सम्मान को दर्शाता है। परसट्ठी के साहू परिवार - युवराज साहू, हेमलाल साहू और निखिल साहू समेत अन्य गृहस्वामियों द्वारा अपने गौ-धन को खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। भोग लगाने के बाद, उसी खिचड़ी को प्रसाद के रूप में परिवारजनों और ग्रामवासियों ने भक्ति भाव से ग्रहण किया। अन्नकूट पर्व पर सभी ग्रामवासियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और इस अवसर को सामाजिक एकता और समृद्धि का प्रतीक बताया। ग्राम परसट्ठी में अन्नकूट पर्व के दौरान श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे पूरे गांव में सकारात्मक माहौल बना रहा।

**खबर संक्षेप**

### जलकी व सुकुलबाय के मातर महोत्सव

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सिरपुर क्षेत्र के ग्राम जलकी एवं सुकुलबाय में आयोजित मातर महोत्सव में बतौर अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र भेंटकर अध्यक्ष साहू का स्वागत किया। अध्यक्ष साहू ने मंच से ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मातर महोत्सव हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जो गांवों में पारिवारिक और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि आज के बदलते परिवेश में ऐसे लोकपर्व हमारी पहचान को बनाए हुए हैं, जिनसे नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है। महोत्सव में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नपाध्यक्ष ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के पर्व समाज में प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

### मैकूलाल ने सीएम और शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**कोमाखान।** महिलाओं व युवतियों के साथ छेड़छाड़, अत्याचार, अपहरण, लूटमार हत्या के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए सेल्फ डिफेंस के लिए नियुद्ध सीखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए आचार्य मैकुलाल चक्रधारी ने मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होनें मांग की है कि यह कला सीखना आवश्यक है ताकि, मुसीबत में चोर-लुटेरों, गुंडे बदमाशों से अपना बचाव कर सकें। यदि नियुद्ध मार्शल आर्ट्स को स्कूलों कॉलेजों में लागू कर दिया गया तो कुछ सालों में सभी महिलाएं योद्धा बन सकती हैं और उनके साथ हो रहे अपराध बंद हो सकते हैं।

# शिक्षक चंदन कुर्रे को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम रसेला के पारा बेलडीही स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में कार्यरत शिक्षक चंदन कुर्रे का गनबोरा स्कूल में स्थानांतरण होने पर उन्हें सह-सम्मान विदाई समारोह आयोजित कर विदा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई। समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षक चंदन कुर्रे थे, जबकि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर भुजिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। शाला के प्रधानपाठक त्रिलोक राम साहू, संतोष कुमार धीवर और समिति के उपाध्यक्ष हामिद खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। शिक्षक चंदन कुर्रे ने अपने उद्बोधन में कहा कि /"शिक्षक के कर्म की पूजा होती है, आज मेरे स्थानांतरण पर आप लोग और सभी छात्र-छात्राओं ने जो सम्मान किया है, यह मेरे



कर्मों का फल है। उन्होंने शिक्षकों से भी लगन और मेहनत से पढ़ाने का आग्रह किया। कुर्रे ने 20 वर्ष के अपने कार्यकाल को याद करते हुए सभी पारा वासियों, बच्चों और शिक्षकों के भरपूर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया और विद्यालय के सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

**प्रधानपाठक ने सराहा योगदान-** प्रधानपाठक त्रिलोक राम साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों का स्थान सर्वोच्च होता है और उनके कर्म भी महत्वपूर्ण माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि /"अगर सच्चे मन से बच्चों के बीच शिक्षा प्रदान करते हैं, तो निश्चित रूप से वैसे बच्चे सफल होते हैं। शाला समिति के अध्यक्ष सहित सभी पारा वासियों ने शिक्षक कुर्रे के योगदान को याद किया और विदाई भाषण के माध्यम से उनके साथ बिताए पलों को साझा किया। बेलडीही स्कूल में शिक्षक चंदन कुर्रे ने अपने सेवाकाल के 20 वर्ष समर्पित किए। शाला समिति, शिक्षकगण, ग्रामीण और सभी छात्र-छात्राओं ने कुर्रे सर को श्रीफल और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी बच्चों को पेन-कॉपी का वितरण भी किया गया। इस मौके पर पालकगण देवकुमार मार्कडेय, पुनीत राम, जीरा बाई, हेमीन, गोमती, फुलेश्वरी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मालती ठाकुर, रामलाल कुर्रे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पतोरा व पुरेना में दीपावली का पंच दिवसीय दीपोत्सव, भक्ति और उल्लास का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर अंचल के ग्रामों में धार्मिक उल्लास और भक्ति का वातावरण छाया हुआ है। इसी कड़ी में, ग्राम पतोरा में पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत हर्षोल्लास के साथ हुई।

धनतेरस के पावन दिन, ग्राम पतोरा के सार्वजनिक बजरंग मंच पर लक्ष्मी माता की मूर्ति की विधि-विधानपूर्वक स्थापना की गई। ग्रामवासियों ने पारंपरिक ढंग से दीप प्रज्वलित कर माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। भक्तों ने पूजा सामग्री अर्पित की, भोग लगाया और दीपक जलाकर मां लक्ष्मी से सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा उपरांत सामूहिक रूप से लक्ष्मी माता की आरती की गई। यह धार्मिक अनुष्ठान पांच दिनों तक प्रतिदिन



श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न किया जा रहा है। पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसे सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से ग्रहण किया। इस अवसर पर पं. त्रिभुवन महाराज ने कहा कि, जो व्यक्ति इस अवसर पर माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर उनकी आरती, मंत्र जप और पूजा करते हैं, उनके जीवन, घर और ग्राम में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

**पुरेना में भी लक्ष्मी पूजा का आयोजन-** इसी तरह, ग्राम पुरेना में भी



स्कुल चौक में युवा समिति के तत्वावधान में लक्ष्मी मां की मूर्ति स्थापित की गई। यहां भी पूरी श्रद्धा के साथ पूजा, आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। ग्राम पतोरा एवं पुरेना में दीपावली पर्व के इस भव्य आयोजन से पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और भक्ति का वातावरण व्याप्त है, जो पर्व की महत्ता को दर्शाता है।

# अंचल में गोवर्धन पूजा की धूम गायों को खिलाई गई खिचड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)

अंचल के गांव पीपरहट्टा, पाटसिवनी, परसदाखुर्द, जामली, देवगांव और अमलोर में दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व किसानों और पशु पालकों के लिए विशेष महत्व रखता है, जहां गौ-धन के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। गोवर्धन पूजा के दिन ग्रामीण क्षेत्र में लोग सुबह से ही पूजा की तैयारियों में जुटे रहे। दोपहर 12 बजे के बाद, लोगों ने घरों में गोबर से बनाए गए गोवर्धन पर्वत को फूल-पत्तियों से सजाया। धूप-दीपक जलाकर पूरे विधि-विधान से पूजन किया गया, जिसके बाद दूध और दही अर्पित किया गया। इस अवसर पर, घर में पाले गए गायों और बैलों का भी विशेष पूजन किया गया। पशुओं को नहलाकर उनकी आरती उतारी गई और उन्हें खिचड़ी का भोग खिलाया गया।

**यादव समाज ने बांधी सोहाई-** गोवर्धन पूजा के दिन यादव समाज से जुड़े लोगों ने घरों में जाकर गायों को सोहाई (सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक धागा) बांधा। यह परंपरा पशुधन के प्रति सम्मान और उनके कल्याण की कामना को दर्शाती है। पूरे अंचल में इस पर्व के दौरान धार्मिक उल्लास और पारंपरिक आस्था का माहौल बना रहा।

# कोपरा में धूमधाम से मनाया गया भाई दूज का पर्व

**कोपरा।** क्षेत्र में गुरुवार को भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक पर्व भाई दूज (यम द्वितीया) बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाया, आरती की और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। यह अनुष्ठान भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत करता है। वहीं, भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट किए और जीवनभर उनकी रक्षा करने का वचन दिया। उपहारों के आदान-प्रदान से यह पर्व और भी खुशनुमा बन गया। यह पर्व विशेष रूप से बोड़की, कसेरुडीह, सहसपुर और रवेली जैसे गांवों में भाई-बहनों के बीच अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक बनकर उभरा। इन क्षेत्रों के परिवारों में यह त्योहार आपसी संबंधों की मिठास को बढ़ाने वाला सिद्ध हुआ।







# जेंजरा में मातर महोत्सव की धूम

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलों का हुआ आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

क्षेत्र के ग्राम जेंजरा में दीपावली के उपलक्ष्य में मातर महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह पारंपरिक पर्व ग्रामीणों के उत्साह और भक्ति का केंद्र बना। इस भव्य आयोजन के दौरान गांव से बड़ी संख्या में लोग गौठान पर एकत्रित हुए। यहां पारंपरिक मातर महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण संस्कृति की झलक देखने को मिली। मातर महोत्सव में अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिताएं और यहां तक कि ओलंपिक खेलों का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त, पारंपरिक रूप से सहाड़ देव की पूजा का अनुष्ठान भी संपन्न हुआ, जो इस क्षेत्र की लोक आस्था का प्रतीक है। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति विशेष रूप से रही, जिन्होंने अपने आशीर्वाद से महोत्सव की गरिमा को बढ़ाया। मातर महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान ग्राम जेंजरा के सरपंच बोधन यादव सहित सामाजिक बंधु, पंचगण और समस्त ग्रामवासियों ने मिलकर मातर मड़ई को हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया, जिससे पूरे गांव में पर्व का खुशनुमा माहौल बना रहा।

**6 माह के वेतन के विरोध में आंदोलन का बिगुल**

# धान खरीदी ऑपरेटरों का फूटा गुस्सा, मुख्यमंत्री साय के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ और सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने राज्य सरकार के उस निर्णय के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया है, जिसमें प्रदेशभर के 2739 धान उपार्जन केंद्रों में कार्यरत ऑपरेटरों को 12 माह के बजाय केवल 6 माह का वेतन देने का प्रावधान किया गया है। संघ ने इस निर्णय को अन्यायपूर्ण और असंवैधानिक बताया है। अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर संघ के सदस्य आज गरियाबंद कलेक्ट्रेट पहुँचे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन एसडीएम हितेश्वरी बाघे को दिया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने कहा कि ऑपरेटर पूरे वर्ष कार्य करते हैं, क्योंकि धान खरीदी की





**आंदोलन की रूपरेखा तय, 12 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी**

**संघ ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की व्यापक रूपरेखा तैयार कर ली है-** 1. 24 अक्टूबर 2025: सभी जिला मुख्यालयों पर प्रतीकात्मक रैली और ज्ञापन सौंपा गया। 2. 28 अक्टूबर 2025: संभागीय स्तर पर धरना प्रदर्शन। 3. 3 नवंबर 2025: संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन की शुरुआत। 4. 12 नवंबर 2025: मांगें पूरी न होने पर प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।

तैयारियाँ 1 जुलाई से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलती हैं, जबकि फाइल अपलोडिंग और भुगतान कार्य अगले कुछ महीनों तक जारी रहता है। इसके बावजूद, शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में मात्र 6 माह का वेतन स्वीकृत किया है। उन्होंने इसे 18 वर्षों से न्यूनतम पारिश्रमिक पर कार्य कर रहे ऑपरेटरों के साथ घोर अन्याय बताया।

**सुखत पर एफआईआर गलत, उचित प्रावधान की मांग-** समिति कर्मचारी महासंघ के जिला कोषाध्यक्ष दिनेश चंद्राकर ने कर्मचारियों पर होने वाले एफआईआर पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के दौरान कर्मचारी लगातार धान को सुरक्षित रखते हैं, लेकिन शासन द्वारा तीन-तीन महीने बाद उठाव किया जाता है, जिससे धान में सुखत (वजन कम होना) आना स्वाभाविक है। उन्होंने मांग की कि धान में होने वाले सुखत के लिए शासन स्तर पर उचित प्रावधान किया जाए, ताकि कर्मचारियों को अनावश्यक कानूनी कार्रवाई का सामना न करना पड़े।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी कैबिनेट बैठक में कंप्यूटर ऑपरेटरों की 12 माह के वेतन भुगतान और नियमितीकरण की मांग पर निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर के 15 हजार से अधिक समिति कर्मचारी और ऑपरेटर आंदोलन को व्यापक बनाएंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि /"हम वर्षों से प्रदेश की धान खरीदी व्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं, लेकिन हर बार उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। अब धैर्य की सीमा पार हो चुकी है।

